हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 जुलाई 2024

04 छह माह में 30 बाइक, 4 ट्रक, 2 पीकअप और 2...



07 पानी के टैंकरों के सहारे चल रहा है शहर, योजना अब...





## जो उपज बचेगी उसे बेचने के लिए किसानों को मंडी के लगाने पड़ेंगे चक्कर

# 14.5 की जगह अब 8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होगी मूंग खरीदी, किसान 100 क्विंटल से ज्यादा नहीं बेच पाएंगे

मंडी में इस बार मूंग का भाव 6500 से 7600 तक चल रहा है। जबकि समर्थन पर 700 से 1000 रुपए अधिक भाव है। इस तरह से किसानों को मंडी में उपज विक्रय करने से नुकसान होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

24 जून से मूंग की खरीदी किए जाने का आदेश आए हैं, लेकिन इसका काम शुरू नहीं हो सका है। नौ दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक खरीदी केंद्र नहीं बने हैं। नए नियमों के फेर में खरीदी उलझ गई है। इस बार सरकार ने तय किया है कि प्रति हेक्टेयर पहले 14.5 क्विंटल मूंग की खरीदी हुआ करती थी, जिसे अब बदलकर 8 क्विंटल कर दिया गया है।

यही नहीं पहले अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं थी, लेकिन इस बार एक किसान 100 क्विंटल से अधिक मूंग नहीं बेच सकेगा। अब जो उपज बचेगी उसे बेचने के लिए मंडी के चक्कर लगाना ही पड़ेंगे। इस बार मूंग की खरीदी 24 जून से शुरू करने का निर्णय लिया गया जिसके आदेश उसी दिन जिला स्तर पर आए। खरीदी के लिए केंद्र बनाए जाना हैं जिन्हें अभी तक चिह्नित नहीं किया गया है। इसके लिए जिला उपार्जन समिति की बैठक में निर्णय होगा। इसके बाद ही खरीदी का काम शुरू हो सकेगा।



### समर्थन की अपेक्षा मंडी में मूंग का भाव है कम

मंडी में मूंग का भाव कम बताया गया है। मंडी में इस बार मूंग का भाव 6500 से 7600 तक चल रहा है। जबकि समर्थन पर 700 से 1000 रुपए अधिक भाव है। इस तरह से किसानों को मंडी में उपज विक्रय करने से नुकसान होगा। फिर भी उपज बेचना उनकी मजबूरी रहेगी। इस संबंध में कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर केके पांडेय का कहना है कि अभी जिला उपार्जन समिति की बैठक है जिसमें केंद्र बनाने के लिए नाम चिह्नित कर दिए जाएंगे। इसी तरह इस बार प्रति हेक्टेयर 8 क्विंटल उपज लेने का नियम बनाया गया है, जबकि इस बार अधिकतम सीमा भी तय कर दी गई है। प्रत्येक किसान से 100 क्विंटल से अधिक की उपज नहीं खरीदी जाएगी।

### पिछले साल से कम बनेंगे केंद्र

पिछले साल बनाए थे 80 केंद्र, लेकिन इस बार संख्या रहेगी कम पिछले साल मूंग खरीदी के लिए 50 केंद्र बनाए जाना थे। हालांकि बाद में इनकी संख्या बढ़कर 80 तक पहुंच गई थी। इस बार स्थितियां अलग हैं। कुछ वेयर हाउस संचालकों का कहना है कि उन्हें 2 साल से किराया तक नहीं मिला है। ऐसे में केंद्र नहीं खोलने देंगे। यह माना जा रहा है कि इस बार केंद्रों की संख्या कम हो सकती है।

### खरीदी शुरू नहीं होने से किसान चिंतित

खरीदी शुरू नहीं होने से नर्मदा तटीय गांवों के किसान काफी चिंतित हैं। मानसून सक्रिय होते ही जब तेज बारिश का दौर शुरू होगा तो कई बार ये गांव नर्मदा में आई बाढ़ से घिर जाते हैं। कई बार घरों में पानी भर जाता है जिससे उपज खराब हो जाती है। किसानों का कहना है कि यदि समय से उपज नहीं विक्रय हुई तो संकट हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 7 जुलाई को

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 7 जुलाई को होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) की एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी गई है। सीटेट परीक्षा 136 शहरों में 20 भाषाओं में होगी। सीटेट एडमिट कार्ड के साथ सीटेट की परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को वैध पहचान पत्र भी ले जाना होगा। अधिक जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### हितग्राहियों के ईकेवाईसी सत्यापन 15 तक

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन किया जाना है। जिसके तहत जिले में शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी किया जा रहा है। हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिलेवार 15 जुलाई तक पूरा करना होगा। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध, विधवा, दिव्यांग जन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएं पोर्टल के माध्यम से की जाती है। इन योजनाओं के हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी अप्रैल महीने से लगातार किया जा रहा है।

### पर्यटन क्विज स्पर्धा 27 जुलाई को

**सीहोर।** मप्र पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई को होगी। शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

### बीज विक्रय के लिए लाइसेंस जरूरी

**सीहोर।** निजी बीज विक्रेता, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के बीजों का व्यापार उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिए बिना नहीं कर सकेंगे। उक्त बीजों के व्यापार के लिये विक्रेता को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 के प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### नर्सिंग फर्स्ट ईयर की परीक्षा 6 अगस्त से

**सीहोर।** मप्र आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर, पीबी बीएससी फ़र्स्ट ईयर और एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया है। इसमें पीबी बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 6 अगस्त से शुरू होकर 2 सितंबर तक चलेंगे। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 8 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे वहीं, एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 13 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे।

## राहुल गांधी हमेशा ऊट पटांग बयान देते हैं : नपाध्यक्ष राठौर

**सीहोर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाला बयान दिया था। इसको लेकर पूरे देश में राहुल गांधी का विरोध हो रहा है। शहर के कोतवाली चौराहे पर भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही उनका पुतला फूंककर इस मामले में माफी मांगने की मांग की है।

मंगलवार की शाम को चार बजे शहर के कोतवाली चौराहे पर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही राहुल गांधी का पुतला दहन भी किया। इस दौरान वक्ताओं ने माफी मांगने के लिए कहा। बता दें कि सोमवार को राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताया था। जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश है। राहुल गांधी हमेशा ऊट पटांग बयान देते हैं। वह हिंदू विरोधी हैं। उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को कई बार आहत किया है। इसलिए राहुल गांधी माफी मांगे नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उनकी सदस्यता को भी रद्द किया जाए। अगर राहुल गांधी दोबारा ऐसी गलती करते हैं, तो उनको सदन से निष्कासित किया जाना चाहिए।



## पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में इंदौर में लहराया परचम

**सीहोर।** खेल जगत के क्षेत्र में सीहोर के होनहार युवा खिलाड़ियों ने प्रदेश, देश ही नहीं अपीतु विदेश में भी सीहोर का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में विगत दिनों इंदौर में आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सीहोर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनके कोच जुबेर कुरेशी ने बताया कि जिसमें सिनियर वर्ग में जितेन्द्र यादव ने 93 किग्रा वर्ग में कास्य पदक प्राप्त किया वहीं जुनियर वर्ग में ऋषभ यादव ने 83 किग्रा.वर्ग में रजत पदक, सिनियर वर्ग में जितेन्द्र महेश्वरी ने 59 किग्रा वर्ग में रजत पदक, सिनियर वर्ग में अंकित भल्लावी ने 83 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, महिला सिनियर वर्ग में शीतल कौशल ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, सब जुनियर वर्ग में वीरसिंह राजपूत ने 66 किग्रा में कास्य पदक कर सीहोर को गौरवान्ति किया। इनकी इस उपलब्धि पर वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, विधायक सुदेश राय, गणेश चौरसिया, निरंजन सिंह सौलंकी, रविन्द्र सिंह चौहान, विक्की मूलचंदानी, जुनेद अली, अतुल राय, यश डोबिट, अजहर बाबा, विकास परमार, समद खान सहित नगर के वरिष्ठजन खेल प्रेमियों ने खिलाडिय़ों का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



## कोतवाली पुलिस की कार्रवाईः चोरी गया पिकअप वाहन, कृषि यंत्र और पंप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोतवाली पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गया पिकअप वाहन व कृषि यंत्र पंप जब्त कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि संतोष अग्रवाल ने 14 जून को रिपोर्ट की थी कि मिडंका बड़नगर भारत पचलाना उज्जैन में रहता हूं। ड्राइवर का काम करता हूं। बोलेरो पिकअप में बडनगर से अमन वाला फैक्ट्री से ट्रैक्टर द्वारा खेती में दवाई छीटने वाले चार नग बड़े पंप लोड कर सीहोर के लिए निकला था।

रात करीब 11 बजे सीहोर के मंत्री पेट्रोल पंप इंदौर नाका के सामने पहुंचकर अमन एग्रो के मालिक को फोन लगाया। जिन्होंने बताया कि माल सुबह खाली करेंगे तो लोडिंग वाहन को अमन एग्रो के सामने रोड पर खड़ी कर पास में बने माताजी के मंदिर में जाकर सो गया। सुबह 6 बजे उठा तो देख मेरी लोडिंग पिक अप खड़े किए स्थान पर नहीं दिखी। आसपास तलाश किया कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात चोर पिकअप बोलेरो को माल सहित चोरी कर ले गया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर संदेही अंकित कुमार निवासी बेहरावल तहसील से पूछताछ करने पर दो आरोपी द्वारा इंदौर नाका सीहोर से पिकअप वाहन लोडिंग व दवाई छीटने वाले चार नग बड़े पंपचोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी की गई। पिकअप महिंद्रा और चार पंप बड़े दवा छीटने वाले जब्त कर लिए।




### एसएएफ से डीफ स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग

**सीहोर।** मध्य प्रदेश विसबल परिवार की लगातार एक साल से चली आ रही एसएएफ से डीफ स्थानांतरण नीति लागू करने के लिए सरकार द्वारा अभी तक कोई भी कदम नहीं उठाया गया। इसमें तात्कालिक शिक्षा मंत्री मोहन यादव वर्तमान मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा पी नोट सीट जारी की गई थी। फिर भी उनके द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लिया गया। अपने परिवार से दूर रहने के कारण हमेशा मानसिक तनाव में रहने के कारण कई लोगों के परिवार टूट गए हैं एवं कई लोगों के द्वारा आत्महत्या भी की गई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराने के बाद भी, स्थानांतरण नीति को लागू नहीं किया गया है। विसबल परिवार ने आग्रह किया है कि इसको जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर स्थानांतरण नीति को लागू किया जाए, ताकि इनके परिवार में भी खुशी की लहर उत्पन्न हो सके।

### लगातार हो रही बूंदाबांदी से न्यूनतम तापमान गिरा

# जिले में 154.1 एमएम औसत बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 8.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 4, एमएम, श्यामपुर में 30, आष्टा में 8, जावर में 5, इछावर में 3, भैरूंदा में 4, बुधनी में 5, रेहटी में 6 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से दो जुलाई को सुबह 8 बजे तक 154.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 175.9 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से दो जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 224, एमएम, श्यामपुर में 203.5, आष्टा में 114, जावर में 131, इछावर में 260, भैरूंदा में 100, बुधनी में 92 तथा रेहटी में 108.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।






## खबर संक्षेप



### विधायक कार्यालय में सुनी मन की बात

**सीहोर।** शहर के लीसा टाकीज स्थित सीहोर विधानसभा के कार्यालय पर भाजपा नेताओं ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद 111 एपिसोड मे मन की बात कही आपने भारत के वल्ड कप जीतने पर सभी को बधाई दी। इस मौके पर सीहोर विधायक सुदेश राय ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि आज देश की जिम्मेदारी एक मजबूत हाथों में है। भाजपा ने देश के हर वर्ग के कल्याण की योजनाएं बनाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की। कहा कि हमें पेड़ लगाने के बाद उसको बड़ा होने तक उसकी संभाल रखनी भी है। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने का यही एकमात्र तरीका है। इस अवसर पर विधायक कार्यालय में विधायक श्री राय महामंत्री राजकुमार गुप्ता, धर्मेंद्र राठौर काका, सुभाष मेवाड़ा, गोपाल सोनी राजेश वर्मा, रवि पारे, कमलेश कुशवाहा पार्षद राहुल राय पार्षद संतोष कुशवाहा राजेश परिहार हर्ष ताम्रकार अमित जोशी सोनू चंद्रवंशी अनूप चौधरी रतन राठौर योगेश ठाकुर मोहन राय नैतिक राय नरेश वर्मा धन्ना राय प्रदीप मेवाड़ा आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न



**सीहोर।** विद्युत पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक सोमवार, दिनांक 1 जुलाई को स्थानीय गीता मानस भवन, सीहोर में आयोजित हुई। सिजमें 4 प्रतिशत डीआर पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिन पेंशनर साथियों के माह जून में जन्मदिन थे, उनका पुष्पहारों से स्वागत कर उनके दीर्घायू की कामना की गई तथा नवीन सदस्यों का स्वागत किया गया। उक्त मासिक बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक पधारे, जिनके द्वारा सभी पेंशनरों को बैंक की जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष करने सम्बंधी प्ररकण पर आगामी बैठक में निर्णय लिया जायेगा। अंत में स्वर्गवासी साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वन माफियाओं के खिलाफ जारी है कार्रवाई, अपराधियों में मचा हड़कंप

# छह माह में 30 बाइक, 4 ट्रक, 2 पीकअप और 2 ट्रैक्टर किए जब्त

**वनभूमि पर अतिक्रमण करने वाले आरोपी का ट्रैक्टर व बक्खर जब्त किए, अवैध रूप से संचालित की जा रही कटर आरा मशीन एवं हजारों की चिरान लकड़ी जब्त की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



वन अपराधियों के खिलाफ विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिन वनभूमि पर अतिक्रमण करने के दौरान वन अमले ने एक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्जकर उसका ट्रैक्टर व बक्खर जब्त कियें वही दूसरी कार्रवाई में एक मकान में अबैध रूप से संचालित की जा रही कटर आरा मशीन और बड़ी मात्रा में चिरान लकड़ी जब्त की है। जिसकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। पिछले एक सप्ताह में वन अमले द्वारा अतिक्रमण करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे दो ट्रैक्टर, कल्टीवेटर व बवखर जब्त किये है। यदि पिछले छः माह की बात करें तो इछावर वनपरिक्षेत्र की टीम ने वन माफियाओं से 30 बाईक सहित 6 चार पहिया वाहन व दो ट्रैक्टर, कल्टीवेटर बक्खर आदि उपकरण जब्त किए हैं।

पिछले दिनों इछावर वनपरिक्षेत्र के तहत आने वाली नादान बीट के मंडलगढ़ जंगल में आरोपी द्वारा करीब एक हैक्टेयर वनभूमि पर अतिक्रमण कर ट्रैक्टर चलाकर खेत बनाने का प्रयास किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर रेजर नवनीत झा ने एक टीम का गठन कर मौके पर भेजा, जहां आरोपी करणसिंह पिता सीताराम वनभामि पर ट्रैक्टर से बक्खर चलाते हुए मिला। इस पर टीम ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए ट्रैक्टर व बक्खर को जब्त कर लिया। इसी दौरान टीम को गांव फांगिया में अबैध तरीके से कटर आरा मशीन संचालित होने की सूचना प्राप्त हुई। वन अमले ने आरोपी भगवानदास पिता रामगोपाल के घर छापा मारकर वहां से कटर आरा मशीन और सागोन की चिरान लकड़ी बड़ी मात्रा में जब्त की। जिसकी कीमत 70 हजार रुपये बताई जा रही है।



## जागृति विद्या मंदिर स्कूल में एक-एक पौधा उपहार देकर मनाया प्रवेश उत्सव




**भैरुंदा।** के जागृति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ब्रजमोहन गौड, दिनेश कुमार शर्मा ,विजय कुमार बजाज ,तरुण राज सिंह चौहान ,मनीष शर्मा ,बलराम पंवार,छात्र छात्राए के परिजन उपस्थित रहे,कार्यक्रम में विद्यालय परिषद् के संचालक मनोहर पवार ने प्रवेश उत्सव की सभी छात्र छात्राए एवं परिजनों शुभकामनाए दी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।विद्यालय परिषद में एक और नई पहल की शुरुआत की प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जिन विद्यार्थियों के पालकगण उपस्थित रहे सभी को विद्यालय परिवार की ओर से स्वल्पाहार एवं मिठाई खिलाकर एक-एक पौधा उपहार के रूप में दिया। प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश देते हुए कहां जिस तरह पौधे लगाने से हमारी प्रकृति हरी-भरी हो जाती है, इस तरह हमारे बच्चे भी पढ़ लिखकर भविष्य में विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करें।कार्यक्रम का आभार विद्यालय के प्राचार्य आर एस शर्मा के द्वारा किया गया।

## राकेश राय ने किया महामंडलेश्वर पं. अजय पुरोहित का सम्मान



**सीहोर।** भगवान शिव जी की पूजा का सर्वमान्य पंचाक्षर मंत्र, नमः शिवाय, जो प्रारंभ में के संयोग से षडाक्षर हो जाता है, भोलेनाथ को अति प्रिय है। यह मंत्र शिव तथ्य है जो सर्वज्ञ, परिपूर्ण और स्वभावतः निर्मल है। इस मंत्र के जप से शीघ्र ही भोले नाथ की कृपा प्राप्त हो जाती है। उक्त विचार शहर के नगर पालिका के परिसर में स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में योगिनी एकादशी के अवसर पर महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित ने कहे। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने यहां पर मौजूद पंडित श्री पुरोहित, कथा वाचक पंडित मोहित राम पाठक, कथा वाचक चेतन उपाध्याय, पंडित गणेश शर्मा सहित अन्य का सम्मान किया। सम्मान कार्यक्रम के दौरान पूर्व नपाध्यक्ष राय ने कहा कि चमत्कालेश्वर महादेव समिति के द्वारा प्रत्येक एकादशी पर अभिषेक और प्रसादी का वितरण के साथ सत्संग का आयोजन किया जा रहा है।

## संकल्प वृद्धाश्रम में मनाया गया डाक्टर-डे



**सीहोर।** शहर के कुछ ऐसे चिकित्सक जो धरती के भगवन कहे जाने वाले कहावत को अपने कर्तव्य से चरितार्थ कर रहे है। देशभर में 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया मनाया जाता है। यह दिन जीवन बचाने वाले डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन उन सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जश्न मनाने का दिन है, जो बड़े पैमाने पर समाज की सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र और वृद्धाश्रम के तत्वाधान में आधा दर्जन चिकित्सकों का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कुबेरेश्वरधाम से पधारे विठलेश सेवा समिति के प्रबंधक समीर शुक्ला, युवा समाजसेवी यश अग्रवाल, आकाश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, विकास अग्रवाल, अमित जैन, कमलेश राय आदि ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले जिला अस्पताल में पदस्थ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरके वर्मा, डॉ. पुष्पा कन्नोजिया, डॉ. हरिओम गुप्ता, डॉ. गौरव ताम्रकार, डॉ. गगन नामदेव का सम्मान किया।

## यूरो किड्स स्कूल में आई टीम ने पालकों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



शहर में शिक्षा जगत में बच्चो को सर्वांगीण भविष्य को और सुंदर से संवारने हेतु राय साहब यूरो किड्स स्कूल नीलकंठ रोड़ पर संचालन प्रारंभ हो गया है।

यूरो किड्स स्कूल के माध्यम से आप अपने नौनिहालो का भविष्य सुरक्षित कर पाएंगे इसी तारतम्य में स्कूल में आज सुबह इंदौर से मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की हेड शैक्षणिक परिचालन प्रबंधक शिवानी जैन से पालकों का विशेष संवाद महोसव संपन्न हुआ।

यूरो किड्स लाइट हाउस लर्निंग ग्रुप का हिस्सा है जो केके आर केपिटल द्वारा समर्पित है भारत का अग्रिम प्रारंभिक प्री प्रायमरी स्कूल का ग्रुप है लाइटहाउस लर्निंग अपने पूरे नेटवर्क में अपने 175,000 से अधिक छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह समूह शिक्षण पद्धति में नवाचार, उचित तकनीक के उपयोग और बाल सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करके भावी पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में काम करता है। अपनी स्थापना के बीस साल से अधिक बर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए,यह समूह हमेशा ही सबसे आगे रहा है और शैक्षिक परिदृश्य में बदलाव का अग्रदूत रहा है। अपने मूल में 'चाइल्ड फर्स्ट'विचारधारा के साथ,इसने कई पहलुओं में नए मानक स्थापित किए हैं और अपने महत्व को को साबित कर दिखाया है है, जिसमें शिक्षण को समृद्ध करना और बच्चों के लिए एक पोषण संबंधी सीखने का माहौल बनाना, सीखने की व्यस्तताओं को बढ़ाने में प्रौद्योगिकी का उपयोग करना, महिलाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करना या प्री-स्कूल और स्कूलों में अपने छात्रों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल को सक्षम करने में अग्रणी भूमिका निभाना शामिल है।

उपरोक्त अनेक पहलुओं पर टीम मेंबर्स ने पालकों को उचित मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था संचालक इंद्रजीत सिंह जी भाटी एवं संस्था के समस्त शिक्षिकाएं एवम पलकगण उपस्थित थे।

## बच्चों ने पौधे रोपकर भविष्य की जड़ों को किया मजबूत



**सीहोर।** हर माता पिता का सपना अपने बच्चों को सुखद भविष्य देना होता है। इसके लिए वो बच्चों को स्कूल भेजते हैं। कल के निर्माण के लिए आज नींव मजबूत करनी पड़ती है। ब्लू बर्ड स्कूल ने बच्चों का भविष्य निर्माण के साथ ही समाज के सुखद कल के लिए भी प्रयास किया। इस सोच के साथ छात्रों ने पर्यवरण को सुरक्षित करने पौधा रोपण किया।

यह अभिनव पहल में सीहोर के ब्ल्यू बर्ड स्कूल ने 1 जुलाई को नए सत्र की शुरुआत पोधे रोप कर की। स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ नीम, कदम और गुलमोहर के पेड़ लगाए। ब्ल्यू बर्ड स्कूल के संचालक बसंत दासवानी ने बताया कि हर साल भारत में 1 जुलाई से 08 जुलाई को वनमहोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

इसी अवसर का सदुपयोग करते हुए आज जब हमारे स्कूल में नए सत्र की शुरुआत हुई तो हमने बच्चों के साथ पौधे लगाने का निर्णय लिया ताकि बच्चों को भी पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के महत्व के बारे में बता सकें। हमने निश्चय किया है कि हम वनमहोत्सव के इस सात दिवसीय त्योहार पर सात दिनों में 50 पौधे लगाएँगे। हम हर साल इस त्योहार को भी बाक़ी त्योहारों की तरह उत्साह के साथ मानते हैं क्योंकि पर्यावरण संरक्षण से ही हमारे सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है।

## कांग्रेस की चेतावनी, मूंग खरीदी पॉलिसी में बदलाव नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

**भैरूंदा।** मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दुर्गा मंदिर चौराहा पर उपस्थित होकर पैदल चलकर अनुविभागीय कार्यालय पहुचे जहा अनुविभागीय अधिकारीमदन सिंह रघुवंशी को ज्ञापन सौंपकर मूंग खरीदी पॉलिसी में बदलाव नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने उठाई किसानों की आवाज, प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी उठाया सवाल। भैरूंदा किसानों की इस वर्ष मूंग की बंपर फसल पैदा हुई है, लेकिन सरकार ने जो मूंग खरीदी की पॉलिसी बनाई है उसमें प्रति हेक्टेयर 8 क्विंटल मूंग खरीदी होगी। प्रति एकड़ किसानों से 3 क्विंटल मूंग खरीदी जाएगी, जबकि इस वर्ष किसानों की 6 से 7 क्विंटल मूंग प्रति एकड़ पैदा हुई है। यदि सरकार ने समय रहते मूंग खरीदी की पॉलिसी में बदलाव नहीं किया और किसानों की पूरी मूंग की खरीदी नहीं की तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।




ये बात कांग्रेस नेता एवं बुधनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने कही। इधर उन्होंने भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने पर भी सवाल उठाया है कि एक तरफ गरीबों को आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है, तो वहीं भाजपा नेता इस योजना का लाभ लेकर बंदरबांट कर रहे हैं।

**भाजपा सरकार कर रही मूंग खरीदी का ढोंग:** कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों के हितेषी बनने का ढोंग कर रहे हैं। इस बार मूंग की अच्छी फसल हुई है, लेकिन सरकार 8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की ही खरीदी करेगी। उन्होंने कहा कि अब तक मूंग की खरीदी शुरू नहीं हुई है, इससे किसान परेशान हैं। उन्हें इस समय पैसों की जरूरत है, लेकिन सरकार अब तक मूंग की खरीदी ही शुरू नहीं करवा सकी है। विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि किसान भाइयों की बंपर फसल होने के बाद भी उनको मंडियों का मुंह देखना पड़ेगा, जहां पर व्यापारी अपने मनमाफिक तरीके से मूंग की खरीदी करेंगे और किसानों की खून पसीने की कमाई की लूट करेंगे। यदि सरकार को किसानों की मूंग पूरी खरीदनी ही नहीं थी तो भाजपा सरकार मूंग खरीदने का ढोंग क्यों कर रही है? जबकि किसान तुलाई का इंतजार कर रहे हैं। यदि भाजपा सरकार ने एक हेक्टेयर पर 15 क्विंटल मूंग नहीं खरीदी तो कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी। किसानों की मांग पूरी नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन एवं अनशन भी करेगी। इस अवसर पर विक्रम मस्तालशर्मा(हनुमानजी), ब्लॉक अध्यक्ष देवीसिंह थारोल ब्लॉक अध्यक्ष भैरुंदा,चंदर मीणा ब्लॉक अध्यक्ष लाड़कुई,संतोष कक्का,सुरेशचंद् शेट्टी, किसान नेता सूरत मकवाना,सत्यनारायण मनोज यादव अभयसिंह राजपुत,टिन्नी अग्रवाल,मोर सिंह,वसीम खां,दुर्गेश यादव,संतराम, सुनील गोलिया,संजय शर्मा जी,नारायण चौधरी मौजूद थे।

## युवा मोर्चा ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका



**इछावर।** सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिएं गये बयान को लेकर भाजपा मे गहरा आक्रोश है। इसीके चलते मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा की नगर इकाई द्वारा पान चोराहे पर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पुतले का दहन किया गया। मोर्चा अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने संपूर्ण हिन्दूओं का अपमान किया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्री गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही विरोध के रूप में उनका पुतला जलाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला आईटी सेल प्रभारी अतिराज सिंह खींची, सचिन मकरया, प्रणत चौहान, चित्रांश राठी, शुभम यादव, दीपक यादव, मंगल पांडे, अजय तेजी, दीपक प्रजापति, रवि गहलोत, शामिल थे।

## ईएमई सेंटर की टीम ने कैडेट्स को हॉट एयर बैलून का प्रदर्शन करके दिखाया

# नौसेना इकाई एनसीसी के 10 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन सत्र में शामिल हुए ब्रिगेडियर अनिल दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

1 एमपी नौसेना इकाई एनसीसी भोपाल का10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधनकेंद्र में आयोजित हुआ। शिविर के समापन अवसर पर 3 ईएमई सेंटर बैरागढ़ के ब्रिगेडियर अनिल दास ने प्रदेश भर से आए 450 एनसीसी कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए भारत के अच्छे नागरिक बनाने और भारत की तीनों सेनाओं आर्मी, नेवल व एयरफोर्स में अपनी सेवा देने के साथ खेलों के मध्य से भी भारतीय सेना और पूरे भारत में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश_छत्तीसगढ़ एनसीसी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीतसिंह ने ब्रिगेडियर अनिल दास स्वागत किया। 3 ईएमई सेंटर बैरागढ़ के मेजर




मुकेश ठाकुर ने पीपीटी के माध्यम से भारतीय सेना और स्पोर्ट्स पर एनसीसी कैडेट्स से प्रशन उत्तर पूछे और हॉट एयर बैलून के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर श्री गोवर्धन दास डायरेक्टर भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधनकेंद्र ने एनसीसी कैडेट्स को भारतीय वेज्ञानिक अनुसंधनकेंद्र के संबंध में जानकारी दी व मार्गदर्शन दिया। कैंप कमांडर 1एम पी नेवल के कमांडर श्रीकांत गर्ग ने दस दिवसीय कैंप में जो साहसिक गतिविधियां कैडूस को कराई गई और जो उनको सिखाया गया उसकी जानकारियां दीं। इसके बाद पश्चात हॉट एयर बैलून का प्रदर्शन भी ईएमई सेंटर की टीम ने किया। समापन पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। उसके बाद कैंप फायर भी किया गया। एसएमआई अरविंद राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर संस्कृति कार्यक्रम का सफल संचालन हेनरी डिसोजा ने किया और शासकीय सुभाष उमावि सीहोर के एनसीसी अधिकारी राजेश्वर तिवारी, अशासकीय शारदा विद्या मंदिर के अमित गांधी, नवीन चौरसिया, रोहित सोनी, रेणुका पवार के साथ 1एमपी नेवल के भूपेंद्र नेगी, दयाल, रमना, पंकज, समस्त यूनिट स्टाफ मौजूद था।




## मोहर्रम त्योहार कमेटी अध्यक्ष बने अंसार पठान

**सीहोर।** रविवार को स्थानीय जामा मस्जिद सराय में मोहर्रम त्योहार कमेटी की बैठक रखी गई। कमेटी के संरक्षक नईम नवाब, रिजवान पठान, नौशाद खान की विशेष उपस्थिति में पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ ने अपना कार्यकाल पुरा कर नये अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिये चुनाव करवाया। जिसमें सबकी सहमति से अंसार पठान को अध्यक्ष एवं नईम राईन को उपाध्यक्ष बनाया गया। मिश्राजी सवारी वालों की अध्यक्षता में चुनाव सम्पन्न हुए। इस अवसर पर सभी अखाड़ों के खलीफा व उस्ताद, सवारी वाले एंव ताजिया वाले उपस्थित रहे। इस मौके पर अफजाल पठान, रईस खलिफा, अन्नु चौधरी, रफीक उस्ताद, रफीक शाह, साहिल शाह, मुन्ने भाई सायकल, नारायण सिंह धाड़ी, सोहेल मस्तान, खलील भाई इंग्शिपुरा, हाशिम बाबा काला पहाड़, अनवर अली ताजिया वाले, मोहम्मद इरशाद, शहजाद भाई, अबरार ताजिया, प्रकाश अग्रवाल, अजीज चाचा, इमरान सेकड़ाखेड़ी, अकबर बाबा, शेखु बाबा सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

37 अरब से ज्यादा से बनने वाला ओवर हेड टैंक को हुए तय समय से 5 साल ज्यादा

# पानी के टैंकरों के सहारे चल रहा है शहर, योजना अब तक नहीं हुई पूरी

## कुरावर के आधे वार्डों में अभी तक नहीं पहुंची पाइप लाइन, जिनमें पहुंची उनमें भी वार्डवासी परेशान, टैंकर से पानी मंगाने को हैं मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड की कार्यक्षमता और क्रियान्वयन को देखे तो समझ आ जाएगा की प्रदेश के अर्बन क्षेत्र किस गति से डेवलप किए जा रहे है। हालात यह है कुरावर में जल आर्वधन योजना का जो प्रोजेक्ट 37 अरब रुपए से भी ज्यादा का है वह भी तय समय से 5 साल देरी से चल रहा है। नगरवासियों की पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए जिस प्रोजेक्ट पर इतना पैसा लगाया और जिस कार्य का प्रारंभ 4 अगस्त 2017 को शुरू हुआ था और जिसकी तय समय सीमा 850 दिन की थी परंतु आज तक पूरा नहीं हो पाया है जिसके कारण नगरवासी आज भी टैंकरों से पानी मंगाकर पानी की पूर्ति कर रहे है यह अलग बात है की पानी की इस आपूर्ति में नगरपालिका अपनी अहम भूमिका निभा रही है और वार्डों में टैंकरों से पानी की सप्लाई करवाई जा रही है।

### 2020 में पूरा होने वाला प्रोजक्ट आज भी अधूरा

नगर की पेयजल आपूर्ति के लिए जिम्मेदार एजेंसी एमपीयूडीसी जितनी जिम्मेदार है उतना ही रियान वॉटर टेंक प्रायवेट लिमिटेड भी है। 4 अगस्त 2017 से अच्छे उद्देश्य के साथ जिस 900 किलो लीटर ओवर हेड टेंक का निर्माण शुरू हुआ उसे फरवरी 2020 तक पूरा हो जाना था और नगरवासियों को 37 अरब के इस प्रोजेक्ट का लाभ मिलना चाहिए था परंतु आज तय समय से 5 साल ज्यादा होने के बाद भी नगरवासी वही पुराने ढर्रे पर ही अपना जीवन चला रहे है।

### अभी भी आधे वार्डों में पाइप लाइन विछाने का काम है बांकी

सूत्रों बताते है कि कुरावर के 15 वार्डो में से आधे वार्डो में पाइन लाइन विछाने का काम हो पाया है। और जिन बार्डो में पाइप लाइन विछा दी गई है उनमें भी कई पाइप लाइन चॉक है जिसके कारण टेंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। इस बारे में जब प्रोजेक्ट को लीड कर रहे इंजीनियर राहुल समाधिया से बात करना चाही हो उनके पास कोई उत्तर नहीं था। धरातल पर 7 साल बाद भी नगरवासी परेशान ही नजर आ रहे है।




### ठेकेदार कंपनी पर इतनी मेहरबानी क्यों ?

नगर के लिए जल आपूर्ति जैसा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जिसको तय समय सीमा में पूरा नही किया गया अपितु 5 साल ज्यादा लगा दिए गए। ऐसे ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट में क्यों नही डाला जाना चाहिए जिसको जनता से जुड़े महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की समय सीमा ही समझ नहीं आती है।

**इनका कहना है**

कई वार्डों में पानी के टेंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। शहर के कई वार्डों में पाइपलाइन का काम अधूरा है इसको अर्बन डेवलपमेंट लीड कर रहा है

**स्वेता सुमन,** इंजीनियर नप कुरावर

# श्मशान भूमि को लेकर माली समाज ने दिया ज्ञापन, मौके पर पहुंचे गए अफसर

## मौके पर यथा स्थिति बनाए रखने के लिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप पढ़ाना कस्बे में सोमवार को माली समाज का एक प्रतिनिधि मंडल अपनी शमशान भूमि को लेकर विशेष समुदाय के द्वारा श्मशान में छेड़छाडी करने को लेकर थाना प्रभारी सारंगपुर तथा तहसीलदार को ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग करते हुए इकट्ठा हुए। जैसे ही इस मामले की जानकारी थाना प्रभारी एवं तहसीलदार को लगी तुरंत ही दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की बारीकी से जानकारी ली इसके बाद दोनों पक्षों को अपने अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए तथा जब तक कागज दोनों पक्षों के नहीं आते हैं तब तक उन लोगों को मौखिक रूप से निर्देश दिया की यथा स्थिति बनाए रखें किसी भी प्रकार की शांति भंग ना करें अगर किसी ने किसी तरह का कोई कार्य किया तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



**इनका कहना है**

पढ़ाना के माली समाज के द्वारा श्मशान भूमि को लेकर ज्ञापन दिया गया था तुरंत ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और यथा स्थिति रखने की निर्देश दिए।

**मनोज शर्मा,** तहसीलदार सारंगपुर

**इनका कहना है**

ग्रामीणों द्वारा श्मशान भूमि के संबंध में विज्ञापन दिया गया था ज्ञापन को संज्ञान में लेकर संबंधित पटवारी एवं तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंचा और शांति बनाए रखने के लिए ग्रामीण को निर्देश दिए।

**संतोष वाघेला,** थाना प्रभारी सारंगपुर

# 4 साल से पदस्थ जनशिक्षकों को मूल संस्था भेजें

## कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में शिक्षा विभाग को दिए निर्देश



**राजगढ।** जिले में चार साल से अधिक समय से पदस्थ जनशिक्षकों को एक सप्ताह में जनशिक्षक पद से हटाकर मूल शाला में पदस्थ करें। शासन के निर्देशानुसार नए पात्र षिक्षकों को जनशिक्षक बनाया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर आयोजित टीएल बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने सभी तहसीलदारो को निर्देशित किया कि नामांतरण, सीमांकन, बंटवारे के सभी प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण करें। तहसीलदारों की कोर्ट में पेंडेंसी न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ को निर्देषित किया कि जो गौवंष गांव से शहरी सीमा एवं राजमार्गों पर आ रहे हैं, उनकी व्यवस्था गोशाला में की जाए। यह देखें की हाईवे पर गोवंश न बैठे रहें। बैठक में उन्होंने मोहनपुरा बांध क्षेत्र में पौधरोपण के लिए जगह चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही जिले में सभी जगह प्लांटेशन के लिए स्थान निर्धारित करने हेतु भी कहा। सभी एसडीएम सुनिश्चित करें कि 30 जून के बाद मायनिंग का कार्य बंद करवा दिया गया है या नहीं। जिले में कहीं भी मायनिंग न हो।

**नवीन अपराधिक कानून क्रिमिनल लॉ में तीन बड़े बदलाव किए**

# क्रिमिनल लॉ में हुए बदलाव के बारे में कार्यशाला में समझाइश दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

खुजनेर थाना परिसर में कार्यशाला आयोजित कर देश के नवीन अपराधिक कानून क्रिमिनल लॉ में तीन बड़े बदलाव किए गए कानून के बारे में खुजनेर थाना प्रभारी अनिल राय द्वारा पुराने कानून और नए कानून का अंतर बताया गया क्रिमिनल लॉ में बड़ा बदलाव दंड की जगह मिलेगा न्याय 1860 की जगह लागू जल्द सुनवाई वाला कानून लागू क्रिमिनल लॉ में बहुत कुछ बदल गया बड़े तीन बदलाव हुए है उनमें 1860 में बनी आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता होगी 1898 में बनी सीआरपीसी की जगह नागरिक न्याय सुरक्षा सहित 1872 के इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारती साक्षी अधिनियम ले लेगी यह तीन ऑन नियम लागू के बाद कई नई धाराएं जुड़ जाएगी तो कुछ धाराओं में बदलाव भी किया गया है सीआरपीसी में जहां कुल 484 धारा है भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531धारा है आदि के बारे कार्यशाला में बताया गया जिसमे थाना प्रभारी अनिल राय ,पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा नप उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, पार्षद लोकेंद्र यादव ,दयाराम यादव डॉ विजेन्द्र नागर, नारायण प्रजापति,कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रामगोपाल पाटीदार, गोपाल यादव सहित आमजन मौजूद थे।



## तहसीलदार व टीआई ने धाराओं के बदलाव के बारे में बताया



**माचलपुर।** पुलिस द्वारा नगर के थाना परिसर में एक बैठक नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड, टी आई अखिलेश वर्मा, सीएम ओ मनोज नामदेव,रामगोपाल खंडेलवाल, शिव मारू,बलवंत सिंह गुर्जर, कन्हेयालाल वर्मा वा अनिल मोदी की मौजूदगी में आयोजित हुई । बैठक में 1 जुलाई से लागू नए कानून की विस्तार से टी आई वर्मा ने उपस्थित लोगो को जानकारी दी । इस मौके पर टी आईउपस्थित लोगो को बताते हुये वर्मा ने कहा एफ आईआर के लिऐ भटकने की जरूरत नहीं होगी यदि आप अपराध घटित थाना क्षेत्र में नही है तो पास के किसी अन्य थाना क्षेत्र में जीरो पर एफ आई आर दर्ज करा सकते है । साथ ई एफ आई आर का प्रावधान भी नए कानून में है जैसे ई मेल व्हाट्सएप या फिर एम पी पुलिस की वेबसाइट पर जाकर भी अपनी शिकायत दर्ज हो सकेगी । लेकिन तीन दिवस में थाने में जाकर दर्ज करवाना होगी साथ अन्य धाराओं में परिवर्तन की जानकारी दी साथ महिलाओं से जुड़ी घटनाओं के बारे में टी आई वर्मा ने बताया की यौन उत्पीडन के मामले में नए कानून के अनुसार पुलिस को सात दिवस में जांच पूरी करनी होगी । साथ पुलिस गवाहों की वीडियो आडियो रिकॉर्डिंग करेगी जिससे गवाह अदालत में अपने बयान नही बदल सके साथ वरिष्ठ नागरिक, नाबालिग वा महिलाओं के बयान घर पर रिश्तेदार या बताए अनुसार पुलिस को लेना होगा ।

नए कानून लागू होने पर थाना परिसर लोगों को जागरुक किया गया

# एकता अखंडता सुरक्षा संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करना आतंकवाद की श्रेणी में होगा : एसडीओपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारत सरकार द्वारा अधिनियम बनाकर नया कानून लागू किया हैं जिसमें भारतीय न्याय संहिता सीआरपी की जगह नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस की जगह भारतीय साक्ष अधिनियम लागू किया हैं । पिछले वर्ष संसद में पास होकर कानून का रूप ले चुके ये नियम लागू हो गए हैं।

नए कानून के तहत आतंकवाद को विस्तार से परिभाषित किया गया हैं। अब जो भी भारत की एकता अखंडता संप्रभुता सुरक्षा आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है उसे आतंकवाद की श्रेणी में रखा गया हैं। देश के बाहर भारत की किसी भी संपत्ति को नुकसान पहुंचना भी आतंकवादी कृत माना जायेगा। उक्त बात नए कानून लागू होने पर स्थानीय थाना परिसर में आयोजित जन जागरूकता अभियान के दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह ने कही और कहा की आईपीसी की धाराओं में निम्न बदलाव किया है। जिसमें हत्या की धारा 302 के स्थान पर धारा 103 हत्या का प्रयास धारा 307 के स्थान पर 109 गैर इरादन हत्या 304 के स्थान पर धारा 105 आदि विभिन्न धाराओं में बदलाव किया गया हैं। नए कानून लागू होने पर थाना प्रभारी संतोष बाघेला ने अन्य धाराओं का जिक्र करते हुए कहा की दहेज हत्या की धारा 304 बी की जगह धारा 80 तथा चोरी में 379 की जगह 303 वही दुष्कर्म 376 की धारा 64 , छेड़छाड़ 354 की जगह 374,धोखाधड़ी 420 के स्थान पर 318 पति द्वारा कृत्य की शिकार महिलाएं 498 के स्थान पर 85 लापरवाही से मौत धारा 304 के स्थान पर 106 आपराधिक षड्यंत्र 120 बी की धारा 61 वही देश के खिलाफ युद्ध पर धारा 121 ए के स्थान पर धारा 147,148 मानहानि 499,500 के स्थान पर 356 ,लूट 392 के स्थान पर 309, डकैती 395 की जगह 310 वही आईपीसी के धाराओं की संख्या 511 से घटाकर 358 की गई हैं। 20 नए अपराधो को जोड़ा गया हैं। कई अपराधो के लिए अनिवार्य सजा का प्रावधान किया गया हैं। छोटे छोटे अपराधो के लिए सामुदायिक सेवा का प्रावधान के साथ अपराधो में जुर्माना एवं अवधि बड़ाई गई हैं। इस प्रकार कानून के बारे में पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित जन समूह को अवगत कराया ।कार्यशाला के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने नए कानून को लेकर कानून की प्रशंसा करते हुए जनजागरण अभियान को लेकर संबोधित किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश शर्मा,ओम पुष्पद ने भी अपने विचार रखें।इस अवसर पर पुलिस मीडिया सहित आमजन उपस्थित रहें।



### थाना परिसर में पौधे लगाए

नया कानून अधिनियम लागू होने पर थाना परिसर में जनजागरूकता कार्यशाला के बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा थाना परिसर में नीम,पीपल सहित पांच पौधे लगाए गए इस दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह,थाना प्रभारी संतोष बाघेला,सतीश परमार,रवि शर्मा,कमल गुर्जर,सत्येंद्र सहित पत्रकार मौजूद थे।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

खंदा घाटी पर दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार की रात 8:30 बजे बाइक सवार भागचंद साहू उम्र 52 वर्ष ग्यारसपुर से बगरोद चौराह की तरफ जा रहे थे। खंदा घाटी पर मेंन रोड पर खड़े ट्रक में बाइक घुस गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक दिन पूर्व इसी ट्रक में एक दूसरा ट्रक घुस गया था। जिसमें एक ही परिवार के चार लोग गंभीर घायल हुए ।वहीं 22 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक में चापड़ भरा है। घाटी पर ट्रक चढ़ते समय अनियंत्रित हो गया जिससे ट्रक घाटी नहीं चढ़ पाया और रास्ते में ही ट्रक को रोकना पड़ा। ट्रक रास्ते में रोड पर बाएं तरफ खड़ा था। जिसके चलते यह दोनों दुर्घटनाएं हुई हैं। जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया है कि यदि ट्रक ड्राइवर या क्लीनर ट्रक के पीछे तरफ 15 से 20 फीट दूर सड़क पर पत्थर रखकर या कोई या संकेत खड़ा कर देते।

नियमितीकरण को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं का आंदोलन

# सभी विभागों का काम हमसे करवाते हैं फिर भी हम नियमित नहीं



**राजगढ़।** विभिन्न आंगनबाड़ियों में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने सोमवार को मुख्यालय पर जिला स्तरीय धरना एवं रैली का आयोजन किया। सभी की प्रमुख मांग थी कि उन्हें नियमित किया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगों को लेकर इन महिला कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ जिलाध्यक्ष सूर्यकिरण शर्मा, जिला सचिव पार्वती लहरी ने कहा कि शासन द्वारा हमसे न केवल हमारा बल्कि लगभग सभी विभागों का काम करवाया जा रहा है। चुनाव आते हैं तो हमसे काम करवाते हैं। स्वास्थ्य विभाग का कोई कार्यक्रम, योजना, टीकाकरण या ऐसा ही दूसरा काम रहे तो वह भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सौंप दिया जाता है। हर विभाग और एजेंसी हमारा उपयोग करती है इसके बाद भी हमसे उपेक्षा करते हुए आज तक हमारे नियमितीकरकण की तरफ शासन ने सोचा तक नहीं है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि एक ओर सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को स्कीम वर्कर हमारी सुविधाओं की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दूसरी ओर हमारे ऊपर कार्यवाही के एलि विभागीय अधिकारियों द्वारा सारे शासकीय नियम लागू कर दिए जाते हैं। हमारे बच्चों को शासन की कईं योजनाओं का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है।

**रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम नाम सौंपा मांगों का ज्ञापन**



### कभी भी मांग लेते हैं कोई भी जानकारी

संघ की पदाधिकारियों ने कहा कि हम कहने को नौकरी कर रहे हैं लेकिन हमारे काम का समय निर्धारित नहीं है। कभी भी किसी भी समय हमसे कोई भी जानकारी मांग ली जाती है और कहीं भी हमारी ड्यूटी लगा दी जाती है। दूसरे विभाग के काम करने पर जरा भी गलती होती है कि हमें सेवा से पृथक कर दिया जाता है। जबकि, कुपोषण और शिशु मृत्यु दर रोकने जितना काम आंगनवाडी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने किया है उतना काम स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला भी नहीं कर पाया है।

### शासन हमारी इन मांगों को माने

- संपर्क एप पर काम न कराया जाए।
- मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित करें और केंद्र के आदेश के अनुसार 10 दिवस में की कार्रवाई की जाए।
- कार्यकर्ता पद पर सहायिकाओं की पदोन्नति में आयुसीमा का बंधन हटाया जाए।
- सुपरवाइजर पद पर पदोन्नति में आयुसीमा का बंधन हटे।
- 11 जून 2023 वाले दुर्घटना बीमा आदेश को लागू करें।
- स्कूलों में प्रावि षिक्षकों की भर्ती में आआंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाए।

खबर संक्षेप

## करंट लगने से किसान की हुई मौत



**जावर।** आष्टा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कुण्डिया नाथू में एक किसान की कृषि कार्य करते समय करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है मिली जानकारी के अनुसार रविवार को गांव कुण्डिया नाथू के सरपंच राजा ठाकुर ने बताया कि गांव के किसान कमल सिंह पिता हरि सिंह उम्र 45 साल खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे इसी दौरान करंट लग गया करंट लगने से कमल सिंह की मृत्यु हो गई।

## कलेक्टर ने कार्रवाई में तेजी लाने के दिए निर्देश

**सीहोर।** बैठक में कलेक्टर ने रेल, नेशनल हाईवे एवं सिंचाई परियोजनाओं सहित अन्य शासकीय कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यवाही तेजी से की जाए ताकि परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। बैठक में भू अर्जन के प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई कि रामगंज मण्डी रेल लाइन परियोजना के 09 ग्रामों के 342 किसानों को भू-अर्जन की मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। पार्वती परियोजना के 20 ग्रामों के भू-अर्जन के मामले के 1235 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकार आष्टा जनपद के अंतर्गत कान्याखेड़ी परियोजना के 04 ग्रामों के 341 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार बुधनी इंदौर रेल लाईन के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया प्रचलन में है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन विभागों को शासकीय भूमि आवंटित की गई है उन विभागों के अधिकारी राजस्व रिकार्ड में विभाग के नाम से दर्ज कराएं।

## सेवानिवृत होने पर उप निरीक्षक को दी बधाई

**जावर।** पुलिस थाने से गिरजा मेवाड़ा उप निरीक्षक को सेवानिवृत होने पर पुलिस स्टाफ एवं नगर के नागरिकों ने विदाई समारोह में स्वागत किया और बधाई दी थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय, दिनेश भाहेती, मनोज जाट, लाखन सिंह, आत्माराम, अर्जुन सिंह ,महेंद्र सिंह, बीएल वर्मा ,बलराम, आकाश, पवन पटवा, राजू मखोड़ पुलिस स्टाफ ने हार फूलों से स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट किए।

### पशुपालकों की गैर जिम्मेदारी और जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा

# गौशाला निर्माण में करोड़ों खर्च, इधर हाइवे पर पशु आए दिन बन रहे हादसों का कारण



## गौशाला की जगह मार्गों पर घूम रहे बेजुबान पशु, दुर्घटना में जा रही जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




नगर से लगे इन्दौर-भोपाल हाईवे पर गत दिनो एक अज्ञात वाहन ने गाय को टक्कर मार दी जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई और गाय की मृत्यु हो गई। वही इस तरह की घटना इन्दौर-भोपाल हाईवे जावर जोड़ व नगर के मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन हो रही है। शासन प्रशासन इस और ध्यान नही दे रहा है। क्षेत्र की सड़कों पर बारिश प्रारम्भ होते ही इन दिनों मवेशियों का जमघट लगना प्रारम्भ हो गया है। बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर दिन-रात भटकते व बैठे रहते हैं। इस कारण कई बार आवागमन अवरुद्घ हो जाता है। मवेशियों के कारण वाहन चालकों का मार्ग से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसको लेकर कई बार लोगों ने शिकायत की, किंतु जिम्मेदार इस पर जरा भी ध्यान देने को तैयार नहीं है। इसके चलते नागरिक परेशानी उठाने को मजबूर हैं।

### पशुपालकों पर हो कार्रवाई

क्षेत्र के पशुपालकों की गैर जिम्मेदारी व हठधर्मिता के कारण नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालक गायों को भटकने के लिए खुला छोड़ देते हैं। इसके चलते बड़ी संख्या में गाय नगर की गलियों व बाजारों में दिनभर घूमती रहती हैं। मार्ग के बीच में ही कहीं भी बैठ जाती हैं। इस कारण मार्ग बाधित हो जाता है। वाहन चालक हार्न बजाते रहते हैं, किंतु इन पशुओं पर इसका कोई असर नहीं होता है। कई बार ये पशु आपस में लड़ते भी हैं, जिसकी वजह से कई वाहनों को नुकसान हो जाता है। मार्ग से गुजरने वाले लोगों को घायल होने का डर रहता है। लेकिन पशु पालकों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से इस तरह के दृश्य आए दिन बनते रहते है।

### मवेशी भी हो रहे घायल

आए दिन हाईवे पर बैठी गाय किसी भी वाहन की चपेट में आकर जख्मी हो जाती है। वैसे तो देखा जाए तो यह गाय सड़क पर आकर ही आवारा मवेशियों की गिनती में आती है नहीं तो यह किसी न किसी का पालतू है। शासन द्वारा इनका रजिस्ट्रेशन हुआ है। गाय के कान में पीले कलर का कार्ड लगाया गया है। सड़क पर बैठी अधिकतर गायों के कानों में वह कार्ड लगे हुए हैं। इसके बावजूद भी आए दिन लोग गाय के झुंड में से ब्याने वाली गाय को लोग बांध लेते हैं और दूध ना देने पर दुध मुंहे बच्चे सहित गाय को सड़क पर भगा देते हैं। जिसके कारण गाय एकत्रित होकर सड़क मार्ग पर विश्राम के लिए बैठ जाती है और मार्ग से गुजरने वाले वाहन की चपेट में आकर कई गाय की तो मौके पर ही मौत हो जाती है।

### करोडों खर्च, गौशालाए खाली

वैसे देखा जाए तो शासन द्वारा भी कई गौशालाओं का निर्माण कराया गया। लाखों करोड़ों रुपये खर्च किए गए। इसके बावजूद गाय सड़क हाईवे पर दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है। इंदौर भोपाल नेशनल हाईवे मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में गायों का जमावड़ा देखा जा रहा है। जिसमें जोरा ढाबा, जावर जोड़ चौपाटी और कीमती फ्यूल्स के सामने जमावड़ा देखा जा रहा है।

### चारागाह पर अतिक्रमण

अभी भी हर गांव में बड़ी संख्या में गाय बैल भैंस, भेड़ बकरी पाले जाते हैं। मवेशियों की संख्या घटते ही चारागाह का अतिक्रमण कर मकान आदि बनाए जा रहे हैं जिसके कारण गांव के चरागाह लुप्त के कगार पर है और गांव के मवेशी बेसहारा होकर आश्रय के लिए भटकने लग जाते हैं। वह विचरण के लिए गांव की चरागाह की खूब की तलाश करते हैं परंतु जगह नहीं मिलने पर वे मजबूरन मुख्य सड़क पर ही विचरण करने लग जाते हैं। सड़क पर विचरण कर रहे इन मवेशियों के कारण आए दिन छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है पर इस ओर ना तो प्रशासन का और ना ही कोई संगठन का इस ओर ध्यान जा रहा है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं हुआ तो मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी रहेगा जिसने ना केवल पशुधन की क्षति होगी बल्कि राहगीरों का भी जान-माल नुकसान होगा।

**करा रहे अनाउंसमेंट**

नगरीय सीमा में घूमने वाले मवेशियों को लेकर अनाउंसमेंट किया जा रहा है। अगर इसके बाद भी पशु पालक अपने पशुओं को नहीं बांधते है तो उन्हे गौशाला भेजा जाएगा।

**हरीश कुमार सोनी,** सीएमओ जावर

## विकास कार्यों का विधायक ने किया निरीक्षण

### लापरवाही बरतने पर लगाई फटकार



**आष्टा।** विधायक ने निरीक्षण कर अधिकारियों से की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का सतत निरीक्षण कर उन कार्यों को जल्दी से जल्दी पूर्ण करने एवं जनता को उन सुविधाओ सेवाओ का लाभ दिलाने के लिये दिन रात कड़ी मेहनत कर रहे है। विधायक ने एसडीएम स्वाति उपाध्याय, तहसीलदार पंकज पवैया, सीएमओ राजेश सक्सेना, डीई अजय वाघवानी सहित अन्य स्थानीय अधिकारियों को साथ लेकर नगर के मुगली रोड पर निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। 38 करोड़ 63 लाख 82 हजार की लागत से बना रहे उक्त स्कूल का बारीकी से निरीक्षण किया।

### विधायक ने ठेकेदार को लगाई फटकार

मप्र सरकार के, मप्र बिल्डिंग डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा उक्त कार्य का जिस निर्माण एजेंसी ठेकेदार को उक्त भवन निर्माण का ठेका दिया गया। उसकी समय सीमा पूर्ण होने के बाद भी उक्त भवन का अभी तक मात्र 65 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण होने पर विधायक ने नाराजी व्यक्त की। एमपीबीडीसी के सहायक महाप्रबंधक एस एम सहाय आज अपने निगम के अधीनस्थ इंजीनियरों के साथ निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे। निरीक्षण के दोराह जिस ठेकेदार को उक्त भवन निर्माण का ठेका प्राप्त हुआ उसके प्रोजेक्ट मैनेजर एम के राय ने अभी तक हुए निर्माण कार्यो,उसकी प्रगति आदि की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एमपीबीडीसी अधिकारियों ने बताया कि उक्त स्कूल भवन का निर्माण कार्य जनवरी 2023 में शुरू हुआ था तथा 18 माह में उक्त प्रोजेक्ट का पूरा निर्माण कार्य पूर्ण होना था। कार्य की इस धीमी गति को लेकर विधायक ने नाराजी व्यक्त कर उपस्तिथ निगम के अधिकारियों को कहा है कि कार्य की गति तेज हो। ठेकेदार ने जो निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिये अतिरिक्त समय दिसम्बर 2024 लिया है। उस समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा हो इसकी सभी जिम्मेदार चिंता करे।

### दिए निर्देश गुणवत्ता पूण हो निर्माण कार्य

विधायक ने स्पष्ट कहा की निर्माण कार्य की गुणवत्ता को प्रथम पायदान पर रखे । जो भी निर्माण सामग्री उपयोग में ली जा रही है उन सभी का शासकीय लैब में टेस्ट हो गुणवत्ता युक्त सामग्री ही लगाई जाये। विधायक गोपालसिंह ने निरीक्षण के दौरान पूरे भवन का घूम कर निरीक्षण किया निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार से विस्तृत जानकारी ली एवं जो कमियां लगी उन सभी को एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विस्तृत रूप से संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार से इस स्कूल को लेकर जानकारियां प्राप्त की। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की क्षेत्र में जो भी निर्माण कार्य चल रहे है उनका ध्येय यही है कि वे सभी कार्य जल्दी से पूर्ण हो और उनका लाभ आम नागरिकों को मिले जिनके लिये उक्त कार्य, सुविधाएं हमारी सरकार उपलब्ध करा रही है।

## समाज सेवी तकत सिंह का निधन, दी श्रद्धांजलि



**जावर।** ग्राम बमुलिया रायमल में समाजसेवी तकत सिंह का निधन सुनेर सिंह, गजराज सिंह के पिताजी और महेन्द्र, शैलेन्द्र, कपिल के दादाजी तकत सिंह का 95 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास 2 जुलाई दिन मंगलवार को हो गया। स्वर्गीय तकत सिंह का गांव बमुलिया रायमल में स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधु बडी संख्या में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वस्त्र व्यापारी संघ ने किया 80 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पर्यावरण संतुलन एवं कॉलोनी के मुख्य मार्ग के प्रवेश स्थल को सुसज्जित करने के उद्देश्य से वस्त्र व्यापारी संघ के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर निरीक्षक रविन्द्र यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, पर्यावरण प्रेमी धीरज धारवां, वीरेन्द्र देशलहरा, तारा कटारिया, वरिष्ठ पत्रकारगण नरेन्द्र गंगवाल, सुशील संचेती अतिथि के रूप में मौजूद थे।

संघ अध्यक्ष धीरजसिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 के प्रवेश द्वार पर लगभग 600 फिट लंबाई की शासकीय जगह पर 80 पौधों का रोपण आज संघ के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया है। उक्त स्थल को सुंदर वाटिका के समान विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि जिस प्रकार जिने के लिए अन्न, जल की आवश्यकता है उसी प्रकार पेड़-पौधों का होना भी प्रत्येक व्यक्ति, जीव-जंतु के लिए महत्वपूर्ण है। आपको ज्ञात होगा कि विगत वर्षो में संपूर्ण विश्व में कोरोना जैसी महामारी ने दस्तक देकर जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। उस समय पूरा विश्व ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहा था, जिस प्रकार से शासन-प्रशासन व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पौधारोपण की पहल चलाई जा रही है, उसी प्रकार पहले हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नही करते तो कोरोना जैसी महामारी में आक्सीजन की मार से हम कोसो दूर रहते। वस्त्र व्यापारी संघ ने इतनी बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया, उसके लिए संघ के सभी सम्मानित सदस्यों को बधाई। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि आपके द्वारा विकसित की जा रही सुंदर वाटिका के संरक्षण के उद्देश्य से नपा द्वारा छोटी पाईप लाईन की पृथक से व्यवस्था की जाएगी।

इस अवसर पर वस्त्र व्यापारी संघ के संरक्षक रविन्द्र रांका, अनिल विश्वास, लाभमल महेश्वरी, प्रदीप वोहरा, आनंद रांका, नरेन्द्र उमंग, त्रिलोक वोहरा, बसंत सुराणा, संदीप श्रीमोड़, बाबूलाल ताम्रकार, मनोज भाटी, राजू उत्साह, नयन जैन, चंचू ताम्रकार, धर्मेन्द्र श्रीमोड़, मनोज पाठक, दीपक जैन, रजत श्रीमोड़, राहुल बनवट, मनोज नायक, यतेन्द्र श्रीमोड़, पुलकित श्रीमोड़, विकास जैन, श्याम परमार, भविष्य ताम्रकार, सुयश श्रीमोड़, विजेन्द्रसिंह ठाकुर आदि बडी संख्या में उपस्थित थे। उपस्थितजनों का आभार संघ अध्यक्ष धीरजसिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

## विनत और विश्वमित्र सागर का हुआ मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

आचार्य विनम्र सागर जी महाराज के परम प्रभाव शिष्य 108 श्री विनतसागर जी एवं विश्वमित्र सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश बड़े धूमधाम से हुआ तत्पश्चा अमोद कुमार जैन, हंसा जैन, अतुल कुमार जैन, सलोनी जैन, प्रणल जैन, कांता जैन के निज निवास पर आहारचार्य संपन्न हुई। आपके पुण्य की बहुत-बहुत अनुमोदना आपकी श्रद्धा देव शास्त्र गुरु में इसी प्रकार बनी रहे। अनुमोदन करता प्रमोद कुमार जैन, शरद कुमार जैन ,संजय कुमार जैन, दीपक कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन ,सुरेंद्र कुमार जैन, सुनील कुमार जैन, सतीश कुमार जैन, अरुण कुमार जैन, नितिन कुमार जैन, नरेंद्र कुमार जैन, जिनेंद्र कुमार जैन, मुकेश कुमार जैन



एवं सकल दिगंबर जैन समाज मेहतवाड़ा ने मिलकर महराज का स्वागत किया।

### अलीपुर के श्री चंद्र प्रभ दिगंबर जैन मंदिर में विनत सागर महाराज ने दिए आशीष वचन

# वाणी से व्यक्ति दूसरों को अपना बना सकता है: विनत सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



वाणी के माध्यम से व्यक्ति दूसरों को अपना बना सकता है और अपनों से दूर भी कर देता है। सभ्यता से बोलना हमारी संस्कृति है। भगवान महावीर स्वामी की दिव्य देशना सुनने के लिए बैठे हैं। जो संतों-अरिहंतों की चार बातों को सुनते हैं, उन्हें बाहर की चार बातों को सुनना नहीं पढ़ती है। भगवान की चार बातों को सुनना और समझना चाहिए। जो भी सज्जन है वह चार बातों पर अमल करें। सहनशीलता, धैर्यवान रहना, हमेशा सभ्यता से, चलना हमेशा संभल कर। पत्थर को तराशने में शिल्पी भी चोटों को सहन करता है और भगवान की प्रतिमा बनाता है। संघर्ष तो करना ही पड़ेगा। गलत काम पर मंत्री का पुतला चौराहे पर फूंक देते हैं। धन के कारण आप सभी ग्राहकों की सुनते हैं। संतों का कहना है समय पर कहना और समझ के कहना। उक्त बातें नगर के अरिहंत पुरम अलीपुर के श्री चंद्र प्रभ दिगंबर जैन मंदिर में आशीष वचन देते हुए परम पूज्य आचार्य श्री 108 विनम्र सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिराज मुनि श्री 108 विनत सागर जी महाराज ने कहीं। मुनिश्री के प्रवचन की जानकारी समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि मुनि विनत सागर महाराज ने कहा कि वाणी के माध्यम से अपना भी बना सकते हैं और दूर भी कर सकते हैं। सभ्यता से बोलना हमारी संस्कृति है।जैसा आया वैसा बोल दिया वह विकृति है। जितने भी झगड़े होते हैं ,वह वाणी से ही होते हैं। युधिष्ठिर बहुत ही समझदार थे, भीम ताकतवर थे।अर्जुन में विनम्रता थी, नकूल तो मौनी बाबा थे, सहदेव तो अपने नाम के अनुरूप थे। कुल की इज्जत वाले पैसे नहीं देखते। एकता में बहुत शक्ति हैं। मुनि विनती सागर महाराज ने कहा अर्जुन ने वाणों का काम वाणी से कर दिया। अच्छी वाणी, मिठास वाली रहेगी तो दुश्मन भी मित्र बन जाएगा। समझदारी से व कम बोलने वाले सम्माननीय रहते हैं। वकील अपने क्लाइंट से शांत रहने का बोलते हैं। संसार से सबसे सुखी वकील हैं।जीत गए तो वाह - वाह, हार गए तो अपील। वे झूठ को भी सच साबित कर देते हैं। में वकीलों का हमेशा ध्यान रखता हूं। सभी से मुनिश्री ने कहा रहना हमेशा सभ्यता व प्रेम से। मिलकर साथ रहें, परेशानियों को सहना सीखें।संघ, संगठन में रहने से बहुत लाभ हैं।आज घर -घर व समाज में झगड़े। घर में रहकर घरवालों से विश्वासघात मत करना।आज तिजोरी खुली है ,लेकिन मोबाइल पर लाक लगा है।संत सबसे सुखी है, उनके पास कुछ भी नहीं फिर भी सुखी और आपके पास सबकुछ फिर भी दुखी।जो भगवान को धोखा देते हैं वह सुखी नहीं। दूध - पानी की तरह मिलकर विश्वास के साथ रहे। पानी दूध से अलग होगा तो उसकी कीमत कम रहती है। संतों के साथ कभी भी विश्वासघात नहीं करें।संत आपके विश्वास पर आहार करते हैं।आज देश को पाकिस्तान से खतरा कम अपने देश में रहने वालों से अधिक है। मुनि विनत सागर महाराज ने कहा हमेशा संभल कर चलें ।जिंदगी चार दिन की है। दान चार प्रकार का होता है और चार बातों पर ध्यान देना। हमें भी चार माह चातुर्मास करने हेतु रहना है। आष्टा का समाज समर्पित व गुरु भक्त है। अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन अमलाह वाले आंखों में ही बात कर हमारी बात को समझ लेते हैं। गुरु का ह्रदय विशाल होता है। इस अवसर पर मुनिश्री 108 विश्वमित्र सागर जी महाराज भी उपस्थित थे। खंडवा से पधारे समाज जनों ने पूज्य मुनि द्वय को खंडवा में चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में दीक्षारंभ समोराह के द्वितीय दिवस शैक्षणिक विभागों व पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संयोजक डॉ. बेला सुराणा, डॉ. मेघा जैन ने विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों की जानकारी दी। पुस्तकालय में नफीस अहमद द्वारा पुस्तकालय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कम्प्यूटर लैब में डॉ. अबेका खरे द्वारा कम्प्यूटर से संबंधित जानकारी दी, डॉ. कृपाल विश्वकर्मा ने प्राणीशास्त्र प्रयोगशाला व एनसीसी से संबंधित जानकारी दी। डॉ. कुमकुम अग्रवाल व जयपाल विश्वकर्मा द्वारा प्रयोगशाला में विभिन्न उपकरणों से अवगत कराया गया। डॉ. रचना श्रीवास्तव द्वार रसायनशास्त्र प्रयोगशाला से संबधित विभिन्न जानकारी विद्यार्थियों को दी। इस दौरान बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।